कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मध्यप्रदेश भोपाल

क्रमांक 5232 तक/प्र.अ.लो.स्वा.या.वि/04/ भोपाल दिनांक 26-7-04

## परिपत्र

विषय:- लंबित अन्तिम देयकों बाबत ।

मुख्य तकनीकी परीक्षक के कतिपय निरीक्षण प्रतिवेदनों में यह परिलक्षित हुआ है कि निरीक्षण प्रतिवेदनों का उत्तर अत्यधिक विलम्ब से दिया जाता है । तत्पश्चात मुख्य तकनीकी परीक्षक को यह सूचित किया जाता है कि रिकार्ड उपलब्ध नही है या रिकार्ड उपलब्ध नही हो पा रहा है जो कि एक गंभीर अनियमितता का परिचायक है । लंबित अन्तिम देयकों के विषय में भी इस प्रकार की अनियमितता पायी गई है । अतः निर्देश दिये जाते है कि भविष्य मे ऐसी पुनरावृति न हो । अन्तिम देयको का निराकरण, कार्य पूर्ण होने के पश्चात निश्चित समयावधि में किया जाना सुनिश्चित किया जावे । निरीक्षण प्रतिवेदनों के उत्तर समयावधि में मुख्य तकनीकी परीक्षक को प्रेषित किये जावे तथा समस्त रिकार्ड सुरक्षित ढंग से रखे जाने की प्रकिया सुनिश्चित की जावे ।

अतः निर्देशो का कड़ाई से पालन किया जावे एवं रिकार्ड नही पाये जाने हेतु संबंधित कर्मचारी/अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जावे ।

22/7

प्रमुख अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
म.प्र. भोपाल

पृ.क्रमांक 5232 तक/प्र.अ.लो.स्वा.या.वि/04/ भोपाल दिनांक 26-7-04

प्रतिलिपि:-

1. समस्त मुख्य अभियंता,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परिक्षेत्र..............................
2. समस्त अधीक्षण यंत्री. लो.स्वा.यां.मंडल/परि.मंडल..............................
3. कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड..............................

22/7

प्रमुख अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
म.प्र. भोपाल